**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 30th September, 2021**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – August, 2021**

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of August, 2021 is being released in this press release.


The All-India CPI-IW for August, 2021 increased by 0.1 point and stood at 123.0 (one hundred twenty three). On 1-month percentage change, it increased by 0.16 per cent with respect to previous month compared to an increase of 0.60 per cent recorded between corresponding months a year ago.

The maximum upward pressure in current index came from Miscellaneous group contributing 0.08 percentage points to the total change. At item level, Cow Milk, Dairy Milk, Mustard Oil, Palm Oil, Soyabean Oil, Almond, Sugar-white, Tea Leaf, Cooking Gas, Hospital/Nursing Home Charges, Petrol for Vehicle, Toilet Soap, etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was largely checked by Rice, Eggs (Hen), Fish Fresh, Poultry/Chicken, Apple, Banana, Guava, Mausami, Bitter Gourd, Cucumber, Drum Stick, French Beans, Lady's Finger, Onion, Potato, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Ludhiana recorded maximum increase of 3.5 points followed by Jalpaiguri, Guwahati, Jalandhar and Munger-Jamalpur with 2.9 points, 2.6 points, 2.1 points and 2.0 points respectively. Among others, 11 centres observed an increase between 1 to 1.9 points and 33 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Coonoor recorded a maximum decrease of 5.5 points followed by Tirunelveli with 2.2 points. Among others, 5 centres observed a decline between 1 to 1.9 points and 26 centres between 0.1 to 0.9 points. Rest of 6 centres remained stationary.

Year-on-year inflation for the month stood at 4.79 per cent compared to 5.27 per cent for the previous month and 5.63 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 4.83 per cent against 4.91 per cent of the previous month and 6.06 per cent during the corresponding month a year ago.


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




**All-India Group-wise CPI-IW for July and August, 2021**

| Sr. No. | Groups | July, 2021 | August, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 122.4 | 122.3 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 138.9 | 139.1 |
| III | **Clothing & Footwear** | 120.8 | 121.0 |
| IV | **Housing** | 116.8 | 116.8 |
| V | **Fuel & Light** | 152.0 | 153.1 |
| VI | **Miscellaneous** | 121.1 | 121.3 |
| | **General Index** | **122.8** | **123.0** |

## CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of September, 2021 will be released on Friday, 29th October, 2021. The same will also be available on the office website www.labourbureaunew.gov.in.

30/9/2021

**(Shyam Singh Negi)**
Deputy Director General

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरमॉन्ट' शिमला- 171004
दिनांक: 30 **सितम्बर**, 2021

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100)- अगस्त, 2021**

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। अगस्त, 2021 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।


अगस्त, 2021 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.1 अंक बढ़कर 123 (एक सौ तेईस) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.16 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान विविध समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.08 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में गाय का दूध, डेयरी का दूध, सरसों का तेल, पाम तेल, सोयाबीन तेल, बादाम, चीनी, चाय पत्ती, रसोई गैस, डॉक्टर/सर्जन प्रभार, पेट्रोल, नहाने का साबुन, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः चावल, मुर्गी के अंडे, मछली ताजा, पोल्ट्री/चिकन, सेब, केला, अमरूद, मॉसमी, करेला, खीरा, ड्रम स्टिक, फ्रेंच बीन्स, भिंडी, प्याज, आलू, आदि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केंद्र-स्तर पर लुधियाना के सूचकांक में अधिकतम 3.5 अंक की वृद्धि रही जिसके पश्चात जलपाईगुड़ी, गुवाहाटी, जालंधर और मुंगेर-जमालपुर में क्रमशः 2.9 अंक, 2.6 अंक, 2.1 अंक और 2.0 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य 11 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा 33 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, कूनूर में अधिकतम 5.5 अंक की कमी रही जिसके पश्चात तिरूनवेली में 2.2 अंक की कमी रही। अन्य 26 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक की कमी पाई गई। शेष 6 केंद्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

अगस्त, 2021 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.27 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.63 प्रतिशत की तुलना में 4.79 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 4.91 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 6.06 प्रतिशत की तुलना में 4.83 प्रतिशत रहा।


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




## अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक: जुलाई एवं अगस्त, 2021

| क्र. सं. | समूह | जुलाई, 2021 | अगस्त, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 122.4 | 122.3 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 138.9 | 139.1 |
| III | कपड़े एवं जूते | 120.8 | 121.0 |
| IV | आवास | 116.8 | 116.8 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 152.0 | 153.1 |
| VI | विविध | 121.1 | 121.3 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **122.8** | **123.0** |

सी.पी.आई. आई.डब्ल्यू : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी सितम्बर, 2021 माह के लिए दिन शुक्रवार 29 अक्टूबर, 2021 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

30/9/2021

(श्याम सिंह नेगी)
उप महानिदेशक